प्रादेशिक समाचार
दिनांक–02.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. नये आपराधिक कानून के तहत झारखंड में 33 मामले दर्ज, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– नये आपराधिक कानून देश में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली का नेतृत्व करेंगे।
2. कोल लिंकेज घोटाले में इडी ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की करीब 10 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त की, रांची में डेढ़ करोड़ की जमीन सीज।
3. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, रांची, खूंटी और लातेहार से छह नक्सली गिरफ्तार, एक का आत्मसमर्पण।
4. राज्य में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में सात जुलाई तक बारिश होने का जताया अनुमान।
5. महिला क्रिकेट में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को चेन्नई में एकमात्र टेस्ट मैच में 10 विकेट से हराया।

****

झारखंड समेत पूरे देश में कल से तीन नये आपराधिक कानून लागू हो गये हैं। नये कानून के तहत पहले दिन रांची में दो समेत पूरे झारखंड में 33 मामले दर्ज किये गये हैं। राज्य में नये कानून को लेकर पुलिस ने एक कंट्रोल रुम बनाया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा है कि नये कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए झारखंड पुलिस पूरी तरह तैयार है।

****

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नये आपराधिक कानून देश में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली का नेतृत्व करेंगे। श्री शाह ने नई दिल्ली में कहा कि नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को प्राथमिकता दी गई है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ नए प्रावधानों के साथ राजद्रोह कानून को समाप्त कर दिया है।

गृहमंत्री श्री शाह ने बताया कि पहली बार कानून में मॉब लिंचिंग के खिलाफ प्रावधान किए गए हैं।

****

इधर, झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव नवीन कुमार का कहना है कि नये कानून बदलते भारत की जरुरतों के अनुरुप है, जो सुनिश्चित करेंगे कि पीड़ितों को समय पर न्याय मिले।

****

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कल लोकसभा में नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं, अग्निवीर योजना, मणिपुर में अशांति, नोटबंदी, बढ़ती महंगाई और किसानों के मुद्दे उठाए। श्री गांधी ने अग्निवीर योजना पर कहा कि ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले अग्निवीर को शहीद का दर्जा नहीं मिलता है।

इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष के नेता पर अग्निवीर योजना पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शहीद अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

****

कोल लिंकेज घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी मो. इजहार अंसारी की नौ करोड़ सड़सठ लाख रुपये मूल्य की 62 अचल संपत्ति को अस्थायी तौर पर जब्त कर लिया है। इनमें रांची में डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा की दो जमीन और एक फ्लैट भी शामिल हैं।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रांची, खूंटी और लातेहार जिले में छापेमारी कर छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस ने अड़की थाना क्षेत्र के कैबों गांव से जिला बदर किये गये पीएलएफआई उग्रवादी संतू उरांव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कार्बाइन, दो देसी पिस्तौल और सात गोलियां बरामद की गयी हैं। उधर, प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के एक नाबालिग उग्रवादी ने रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन

कुमार सिन्हा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। उग्रवादियों के खिलाफ खूंटी पुलिस को भी सफलता मिली है। जिले के अड़की थाना क्षेत्र से भाकपा माओवादी के सदस्य सादो हेम्ब्रम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उधर, लातेहार जिले में उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के चार उग्रवादी गिरफ्तार किये गये हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से हथियार और कारतूस के अलावा कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की गयी हैं।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून ने अब रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि सात जुलाई तक रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। मानसून की सक्रियता से किसानों में उत्साह है और वे खेती–किसानी में जुट गये हैं।

****

महिला क्रिकेट में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को चेन्नई में एकमात्र टैस्ट मैच में 10 विकेट से हरा दिया।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने देश में तीन नये आपराधिक कानून लागू होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– तीनों नये कानून लागू, देश में पहला केस मध्य प्रदेश में दर्ज।

प्रभात खबर ने सत्ता पक्ष के विधायक दल की कल होने वाली बैठक की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–मोदी–राहुल के बीच संसद में पहली बार जुबानी जंग

दैनिक जागरण ने लिखा है– हिंदुओं को हिंसक कहने पर लोकसभा में संग्राम।

रांची एक्सप्रेस ने मानसून की सक्रियता की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है जबकि राष्ट्रीय नवीन मेल ने राहुल गांधी के बयान पर संसद में बवाल की खबर को सुर्खी बनाया है।

वहीं अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हुई नोंकझोंक की खबर को पहने पन्ने की सुर्खी बनायी है।

****